Sl. No.	Name of DD Company	Item / Cervices
5.	Hughes Networks	(A) VSAT Equipment (B) VSAT Services (C) Cellular Telephone Service
6.	Belsouth Inc.	Cellular Telephone Service
7.	Millicom Invernational Ceilular . . .	Cellular Telephone Service
8.	Cellular Comm. International Inc. . .	Cellular Telephone Service
9.	LCC Inc.	Radio Paging Service
10.	Century Telecom Inrernational Inc. . .	Cellular Telephone Service
11.	World Phone Ince.	Audio-Fax Service
12.	Vanguard International . . .	Mobile Trunked Service
13.	Inrernational Wireless Communication. .	Mobile Trunked Service
14.	Spectrum Products Inc.	Radio Paging Service
15.	IMS Inc.	Radio Paging Service
16.	WIDECOM R & D	Fax Machines

हरियाणा में टेलीफोन एक्सचेंजों को इलैक्ट्रानिक एक्सचेंजों में बदला जाना

*3509. **श्री रामजी लाल** : क्या संचार मंत्री 23 अगस्त, 1994 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 401 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हरियाणा में सभी टेलीफोन एक्सचेंजों को इलैक्ट्रानिक एक्सचेंजों में बदल दिया गया है ; यदि हां, तो उन एक्सचेंजों का ब्यौरा क्या है जिन पर वर्ष 1994 में कार्य आरंभ किया गया था और जिन्होंने इलैक्ट्रानिक एक्सचेंज में बदले जाने के बाद इस वर्ष कार्य करना आरंभ कर दिया है ;

(ख) क्या इस कार्य के लिए नवीनतम आप्टिकल फाइबर का प्रयोग किया है और यदि हां, तो हिसार तथा बाबैन एक्सचेंजों में अब तक कितनी आप्टिकल फाइबर का प्रयोग किया गया है और क्या 62588, 62163, 63188 (हिसार) और 28279 (बाबैन) में इसका प्रयोग किया गया है तथा क्या इसमें भूमिगत केबिल भी बिछाई गई है ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) यदि नहीं, तो क्या उन सभी दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है, जैसाकि मंत्री जी ने आश्वासन दिया था ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) जी, नहीं। 1994-95 के दौरान, जिन टेलीफोन एक्सचेंजों को इलेक्ट्रॉनिक बनाए जाने का काम शुरु किया गया था, उनमें से 20 ने इसी वर्ष कार्य कर दिया है ।

(ख) जी, नहीं । हिसार व बबैन एक्सचेंजों में इस प्रयोजन के लिए आप्टिकल फाइबर प्रयोग नहीं किया गया है, क्योंकि

इनमें उसकी जरुरत नहीं है । उपभोक्ता संख्या 62588, 62163, 63188 (हिसार) व 28279 (बहैन) में भी ऑप्टिकल फाइबर केबल प्रयोग नहीं किया गया है तथा इनमें सामान्य पद्धति के अनुसार, भूमिगत कापर केबिल तथा ओवर हैड लाइनों/ड्रॉप वायरों का प्रयोग ही किया गया है ।

(ग) तथा (घ) ऊपर (ख) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

माननीय मंत्री जी ने 23-8-94 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं० 401 के उत्तर में कहा था कि माननीय सांसद सदस्य द्वारा इंगित कदाचारों की जांच कराई जाएगी । ऐसी शिकायतें और उन पर अनुवर्ती कार्रवाई एक सतत प्रक्रिया है । विगत में दोषी अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई शुरु की गई है तथा कुछ मामलों में अदालती कार्रवाइयां भी शुरु की गई हैं ।

Setting up of telephone exchange in Metpanjra

3510. DR. SHRIKANT RAMCHANDRA JICHKAR: Will the Minister OF COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Metpanjra; Exchange in Nagpur District (Rural) is almost not working due to one or the other fault of the Department;

(b) whether it is also a fact that aspite of hundreds of complaints, the department does not do anything and the villagers are put to difficulties;

(c) whether it is also a fact that no telephone can be made on it from Nagpur and that Nagpur cannot be got Trom that telephone;

(d) if so, by when a proper ex-change will be set up in Metpanjra so that the telephones can work well; and

(e) what will be done to solve this officilty?

TPE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) No, Sir. The Metpanjra Exchange in Nagpur District (Rural) is working satisfactorily.

(b) No, Sir. Whenever any fault is pored in this exchange, it is at-at-ended to promptly.

(c) Yes, Sir. Direct dialled calls can not be made between Metpanjra and Nagpur because Metpanjra exchange does not have STD facility. However, it is possible to book trunk calls e the from Nagpur or frow Metpanjra and runk calls can be established.

(d) and (e) The exchange is ex-p:cteil to be provided with STD faci lity during 1995-96.

दरभंगा में नया डाकघर खोला जाना

3511. श्री रामगोपाल यादवः : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नया डाकघर खोलने के लिए कुछ विशेष शर्तों को पूरा करना आवश्यक है ;

(ख) क्या नया डाकघर खोलने के संबंध में कोई प्रावधान है ;

(ग) क्या बिहार के दरभंगा जिले में डिमुहानी घाट वहां डाकघर खोलने हेतु आवश्यक सभी शर्तों को पूरा करता है ; और

(घ) यदि हां, तो वह कब तक डाकघर खोले जाने की संभावना है ; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) से (ग) जी हां ।

(घ) ग्राम पंचायत क्षेत्रों में विभागीय मानदंड पूरे होने और संसाधन उपलब्ध होने पर ही डाकघर खोले जाते हैं । तथापि, प्राथमिकता बिना डाकघर वाली पंचायतों को दी जाती है ।